**भारत सरकार** **लोक सभा**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 2812**
**वाणिज्य विभाग**

**दिनांक 18 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**
**व्यापार समझौतों की स्थिति**

**2812. श्री दर्शन सिंह चौधरीः**
क्या **वाणिज्य एवं उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत का विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौतों की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत वर्ष कितने व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए है;
(ग) क्या उन्हें नवीनीकृत किया गया है; अथवा वे विचाराधीन हैं; और
(घ) यदि हां, तो मंत्रालय द्वारा भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, विशेष रूप से वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स और आईटी के क्षेत्रों में की गई पहलों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क): भारत द्वारा हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और अधिमान्य व्यापार समझौतों (पीटीए) की सूची अनुबंध में दी गई है।

(ख) और (ग): दिनांक 10 मार्च 2024 को भारत ने यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एक व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत और ईएफटीए देशों द्वारा अनुसमर्थन प्रक्रिया पूरी होने के बाद समझौते को लागू किया जाएगा। इसके अलावा, भारत के निर्यात को बढ़ाने के लिए, भारत ने अपने मौजूदा एफटीए, नामतः भारत-दक्षिण कोरिया सीईपीए और आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा भी आरंभ की है।

(घ): वाणिज्य विभाग बाजार पहुंच पहल (एमएआई) योजना के अंतर्गत निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसी), व्यापार निकायों, कमोडिटी बोर्डों आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ताकि भारतीय निर्यातकों को भारत और विदेश में प्रदर्शनियों, क्रेता-विक्रेता बैठकों (बीएसएम), मेलों आदि में

भागीदारी की सुविधा मिल सके और उन्हें अंतर्राष् ट्रीय बाजारों में अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने तथा विदेशी क्रेताओं के साथ व्यावसायिक संपर्क स्थापित करने में सहायता प्राप्त हो। उद्योग निकायों और अन्य हितधारकों के परामर्श से वस्तुओं और क्षेत्रों को वार्षिक आधार पर एमएआई सहायता के लिए प्राथमिकता दी जाती है। जिले में रोजगार सृजन के लिए प्रत्येक जिले में निर्यात संभावना वाले उत्पादों की पहचान करके निर्यात हब के रूप में जिला पहल आरंभ की गई है। भारत के व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए विदेश स्थित भारतीय मिशनों की सक्रिय भूमिका को बढ़ाया गया है। विदेश स्थित वाणिज्यिक मिशनों, ईपीसी, कमोडिटी बोर्डों/प्राधिकरणों और उद्योग संघों के साथ निर्यात कार्य-निष्पादन की नियमित निगरानी की जाती है और सुधारात्मक उपाय किए जाते हैं। इसके अलावा, सरकार ने नए और मौजूदा दोनों निर्यातकों के लिए व्यापक सेवाएं प्रदान करने के लिए ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म आरंभ किया है। उपर्युक्त पहलें सभी क्षेत्रों के लिए हैं।

**अनुबंध**

**दिनांक 18.03.2025 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2812 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की सूची**

| क्र. सं | समझौते का नाम | समझौते पर हस्ताक्षर की तिथि | समझौते के कार्यान्वयन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | भारत - श्रीलंका एफटीए | दिनांक 28 दिसम्बर, 1998 | 1 मार्च, 2000 |
| 2 | साफ्टा पर करार<br>(भारत, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव और अफगानिस्तान) | दिनांक 4 जनवरी, 2004 | 1 जनवरी, 2006<br>*(दिनांक 1 जुलाई, 2006 से टैरिफ रियायतें लागू )* |
| 3 | भारत नेपाल व्यापार संधि | दिनांक 27 अक्टूबर, 2009 | इस संधि को स्वत ही एक बार में सात वर्षों की आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जाएगा, जब तक कि दोनों पक्षों में से कोई भी संधि को समाप्त करने के अपने इरादे के बारे में तीन महीने पहले दूसरे को लिखित सूचना न दे। |
| 4 | भारत-भूटान व्यापार वाणिज्य और पारगमन करार | दिनांक 17 जनवरी, 1972 | इसे आपसी सहमति से संशोधनों के साथ समय-समय पर नवीनीकृत किया गया है। दिनांक 29 जुलाई 2006 को हुआ समझौता 10 वर्षों के लिए वैध था। आपसी सहमति से, वैधता को एक वर्ष की अवधि या प्रस्तावित नए समझौतों के लागू होने तक की अवधि के लिए बढ़ाया गया था। नवीनीकृत समझौते पर दिनांक 12.11.2016 को हस्ताक्षर किए गए और यह दिनांक 29 जुलाई 2017 से 10 वर्षों की अवधि के लिए लागू हुआ। |
| 5 | भारत - थाईलैंड एफटीए - अर्ली हार्वेस्ट स्कीम (ईएचएस) | दिनांक 9 अक्टूबर, 2003 | दिनांक 1 सितम्बर , 2004 |
| 6 | भारत - सिंगापुर सीईसीए | दिनांक 29 जून, 2005 | दिनांक 1 अगस्त, 2005 |
| 7 | भारत - आसियान - सीईसीए – वस्तु, सेवा व्यापार और निवेश करार (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और | वस्तुओं के लिए दिनांक 13 अगस्त, 2009 तथा सेवाओं और निवेश के लिए नवंबर 2014 | वस्तु<br>• भारत तथा मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड के संबंध में दिनांक 1 जनवरी 2010<br>• भारत और वियतनाम के संबंध में |

| क्र. सं | समझौते का नाम | समझौते पर हस्ताक्षर की तिथि | समझौते के कार्यान्वयन की तिथि |
|---|---|---|---|
| | वियतनाम) | | दिनांक 1 जून 2010<br>• भारत और म्यांमार के संबंध में दिनांक 1 सितम्बर 2010<br>• भारत और इंडोनेशिया के संबंध में दिनांक 1 अक्टूबर 2010<br>• भारत और ब्रुनेई के संबंध में दिनांक 1 नवंबर 2010<br>• भारत और लाओस के संबंध में दिनांक 24 जनवरी 2011<br>• भारत और फिलीपींस के संबंध में दिनांक 1 जून 2011<br>• भारत और कंबोडिया के संबंध में दिनांक 1 अगस्त , 2011<br>सेवाएँ और निवेश<br>दिनांक 1 जुलाई, 2015 |
| 8 | भारत - दक्षिण कोरिया सीईपीए | दिनांक 7 अगस्त , 2009 | दिनांक 1 जनवरी , 2010 |
| 9 | भारत - जापान सीईपीए | दिनांक 16 फरवरी , 2011 | दिनांक 1 अगस्त , 2011 |
| 10 | भारत - मलेशिया सीईसीए | दिनांक 18 फरवरी , 2011 | दिनांक 1 जुलाई , 2011 |
| 11 | भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी करार (सीईसीपीए) | दिनांक 22 फरवरी , 2021 | दिनांक 1 अप्रैल, 2021 |
| 12 | भारत-यूएई सीईपीए | दिनांक 18 फरवरी, 2022 | दिनांक 1 मई, 2022 |
| 13 | भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार करार (भारत-आस्ट्रेलिया ईसीटीए) | दिनांक 2 अप्रैल , 2022 | दिनांक 29 दिसंबर, 2022 |
| 14 | भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक भागीदारी करार (टीईपीए) | दिनांक 14 मार्च,2024 | भारत और ईएफटीए देशों द्वारा सुधार प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात लागू किया जाएगा। |

## अधिमान्य व्यापार समझौतों (पीटीए) की सूची

| क्रम. सं | समझौते का नाम | समझौते पर हस्ताक्षर की तिथि | समझौते के कार्यान्वयन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | एशिया प्रशांत व्यापार करार (एपीटीए) (बांग्लादेश, चीन, भारत, कोरिया गणराज्य, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक श्रीलंका और मंगोलिया) | जुलाई, 1975 (2 नवम्बर, 2005 को संशोधित ) | 1 नवम्बर, 1976 |
| 2 | वैश्विक व्यापार वरीयता प्रणाली (जीएसटीपी) (अल्जीरिया, अर्जेंटीना, बांग्लादेश, बेनिन, बोलीविया, ब्राजील, कैमरून, चिली, क्यूबा, डेमोक्रेटिक पीपल्स रिपब्लिक आफ कोरिया, इक्वाडोर, मिस्र, घाना, गिनी,गुयाना, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, लीबिया, मलेशिया, मैक्सिको, मोरक्को, मोजाम्बिक, म्यांमार, निकारागुआ, नाइजीरिया, पाकिस्तान, पराग्वे,पेरू, फिलीपींस, रिपब्लिक आफ कोरिया, सिंगापुर, श्रीलंका, सूडान, थाईलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो, ट्यूनीशिया, तंजानिया, उरुग्वे, वेनेजुएला, वियतनाम, और जिम्बाब्वे) | दिनांक 13 अप्रैल,1988 | दिनांक 19 अप्रैल, 1989 |
| 3 | सार्क अधिमान्य व्यापार करार (एसएपीटीए) (बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका) | दिनांक 11 अप्रैल,1993 | दिनांक 7 दिसंबर,1995 |
| 4 | भारत - अफ़गानिस्तान | दिनांक 6 मार्च, 2003 | दिनांक 13 मई , 2003 |
| 5 | भारत – मर्कोसुर (अर्जेंटीना, ब्राजील, पैराग्वे और उरुग्वे) | दिनांक 25 जनवरी, 2004 | दिनांक 1 जून, 2009 |
| 6 | भारत - चिली | दिनांक 8 मार्च, 2006 | 11 सितंबर,2007 दिनांक 6 सितम्बर, 2016 को करार का विस्तार किया गया तथा यह 16 मई , 2017 से लागू हुआ । |

******